INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII-3rd Lang.	Department: Hindi	Class work
Worksheet- 8	Topics: -अपठित गद्यांश	PI File in portfolio

प्रश्न- दिए गए गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चुनिए।

एक व्यापारी अपने ग्राहक को शहद बेच रहा था, तभी अचानक व्यापारी के हाथ से फिसलकर शहद का बर्तन गिर गया। बहुत-सा शहद भूमि पर बिखर गया। जितना शहद ऊपर-ऊपर से उठाया जा सकता था, उतना व्यापारी ने उठा लिया, परंतु कुछ शहद फिर भी जमीन पर गिरा रह गया। कुछ ही देर में बहुत-सी मक्खियाँ उस जमीन पर गिरे हुए शहद पर आकर बैठ गई। उन्हें शहद बहुत अच्छा लगा। वे जल्दी-जल्दी से उसे चाटने लगी। जब तक उनका पेट भर नहीं गया, शहद चाटती रहीं।

जब का पेट भर गया और उन्होंने उड़ना चाहा, तो उड़ न सकी, क्योंकि उनके पंख शहद में चिपक गए थे। उड़ने के लिए उन्होंने बहुत कोशिश की, परंतु वह फिर भी उड़ न पाई। वे जितना छटपटाती उनके पंख उतने चिपकते जाते। उनके सारे शरीर में शहद लगता जाता। काफी मक्खियाँ शहद में लोट-पोट होकर मर गई। बहुत-सी मक्खियाँ पंख चिपकने से छटपटा रही थी, परंतु तब भी नई मक्खियाँ शहद के लालच में वहाँ आती रहीं। मरी और छटपटाती मक्खियों को देखकर भी वह शहद खाने का लालच नहीं छोड़ पाई।

1. शहद जमीन पर गिरा क्यों रह गया?

1. व्यापारी द्वारा शहद बेचने के कारण
2. व्यापारी के हाथ से फिसलकर बर्तन गिर गया
3. व्यापारी से जितना शहद ऊपर-ऊपर से उठाया गया उतना उठा लिया
4. मक्वियों से शहद बिखर गया।

2. व्यापारी के शहद का बर्तन कैसे गिरा?

1. ग्राहक ने गिरा दिया
2. व्यापारी के हाथ से फिसल गया
3. मक्खियों ने गिरा दिया
4. हवा के झोंके से गिरा

3. जमीन पर गिरे शहद पर सबसे पहले कौन आया?

1. ग्राहक 2. व्यापारी 3. मक्खियाँ 4. बच्चे

4. मक्खियाँ शहद पर क्यों बैठ गईं?

1. उन्हें शहद अच्छा लगा
2. उन्हें आराम करना था
3. उन्हें उड़ना नहीं आता था
4. उन्हें व्यापारी ने बुलाया

5. मक्खियाँ शहद कब तक चाटती रहीं?

1. जब तक व्यापारी ने उन्हें भगाया
2. जब तक उनका पेट भर नहीं गया
3. जब तक शहद खत्म नहीं हुआ
4. जब तक रात नहीं हो गई

6. मक्खियाँ उड़ क्यों नहीं सकीं?

1. उनके पंख टूट गए थे
2. उनके पंख शहद में चिपक गए थे
3. व्यापारी ने पकड़ लिया था
4. वे थक गई थीं

7. मक्खियों के शरीर पर क्या लग गया था?

1. धूल 2. पानी 3. शहद 4. फूलों का रस

8. मक्खियाँ मर क्यों गईं?

1. व्यापारी ने मार दिया
2. शहद में लोट-पोट होकर फँस गईं
3. ग्राहक ने पकड़ लिया
4. हवा के कारण

9. नई मक्खियाँ शहद पर क्यों आती रहीं?

1. उन्हें मरी मक्खियाँ अच्छी लगीं
2. उन्हें शहद खाने का लालच था
3. व्यापारी ने बुलाया
4. वे उड़ नहीं सकती थीं

XXXXXX